बन्नी खरगोश

एक बार की बात है जंगल में एक बहुत ही होशियार खरगोश का बच्चा रहता था।
उसका नाम बन्नी था।बन्नी को खोजबीन करना और नए दोस्त बनाना पसंद था। एक दिन धूप के समय बन्नी घूमते-घूमते जंगल के दूसरी ओर पहुंचा। वहाँ उसे सैम नाम की गिलहरी मिली। सैम बहुत ही मिलनसार थी। जल्दी ही दोनों में दोस्ती हो गई। वे पूरी दोपहर खिलखिलाते हुए लुका-छिपी खेलते रहे।
अचानक, उन्हें एक हल्की-सी फुसफुसाहट सुनाई दी। दोनों ने पास जाकर देखा तो एक छोटा और प्यारा चिड़िया का बच्चा दिखाई दिया। सैम ने उसका नाम पूछा। उसका नाम बेला था। बेला अपने माँ -बाबा सी बिछड़ गई थी। सैम और बन्नी ने बेला को उसके घर तक सही-सलामत पहुंचा दिया। बेला की माँ ने बन्नी और सैम को धन्यवाद दिया और उनके लिए बहुत ही स्वादिष्ट पकवान बनाये।
सैम ,बन्नी और बेला ने मिलाकर खूब खाया और मिलाकर बहुत मस्ती की। इस प्रकार बेला ,सैम और बन्नी की एक अच्छी दोस्त बन गई।

प्रश्न १. कहानी में खरगोश का नाम क्या है ?

उत्तर ____

प्रश्न २.बन्नी खरगोश को क्या करना पसंद है ?

उत्तर ____

प्रश्न ३.कहानी में खरगोश के दोस्तों के क्या नाम हैं ?

उत्तर ____